University in News on 13 March 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कौशल और कला के आधार पर मिले रोजगार : राज्यपाल

लविवि में राज्यपाल ने नवनिर्मित द्वार और कर्मचारी आवास का किया उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

लविवि में विवेकानंद द्वार और कर्मचारी आवास का लोकार्पण करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल। संवाद

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विद्यार्थी को कौशल और कला के हिसाब से रोजगार मिलना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को समय का सदुपयोग कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वह मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के एपीसेन सभागार में आयोजित विश्वविद्यालय के नवनिर्मित विवेकानंद द्वार और कर्मचारी के फ्लैटों के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए सरयू और गोमती आवास के लोकार्पण पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी संस्था में कार्य करने वाले कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना संस्था दायित्व होता है। राज्यपाल ने रामायण से माता कैकेयी और राम व भरत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन मां बाप की संतान के प्रति नियत हमेशा साफ होती है, इसलिए वह उन पर भरोसा करना सीखे।

राज्यपाल ने डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के द्वितीय फेज का शुभारंभ किया।

उन्होंने प्रतीक स्वरूप पांच विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिए। दूसरे फेज में 3,855 बच्चों को स्मार्ट फोन बांटे जाएंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य है शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ जाइए। कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के विकास कार्यों की जानकारी राज्यपाल को दी। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लविवि : तीन विभागों में आठ शिक्षकों की नियुक्ति पर मुहर

कार्यपरिषद की बैठक में खुले लिफाफे

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अरसे से शिक्षकों की किल्लत से जूझ रहे मानवशास्त्र विभाग की समस्या अब दूर हो गई है। विभाग को दो नए शिक्षक (संविदा) मिल गए हैं। लविवि में मंगलवार को हुई कार्यपरिषद बैठक में इसे मंजूरी दी गई। कुल तीन विभागों में आठ शिक्षकों की नियुक्ति पर मुहर लगाई गई।

विवि का मानवशास्त्र विभाग देश के सबसे पुराने विभागों में शामिल है। यहां महज तीन शिक्षकों के सहारे शिक्षण कार्य हो रहा था। इसमें एक शिक्षक बीमारी के चलते लंबे समय से अवकाश पर भी हैं। वहीं विभाग में प्रोफेसर का पद 25 वर्षों से खाली चल रहा है। कार्यपरिषद की बैठक में कुल पांच संविदा और तीन नियमित शिक्षक भर्ती किए गए हैं। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि नई नियुक्तियों में मानवशास्त्र विभाग में दो शिक्षक (संविदा), फार्मेसी विभाग में तीन शिक्षक (संविदा) और जूलॉजी में तीन शिक्षक नियमित पद पर भर्ती किए गए हैं। इसके अलावा वित्त समिति के कार्यवृत्त को भी कार्यपरिषद ने अपनी स्वीकृति दी है।

बैठक में 20 कॉलेजों के करीब 50 कोर्स पर स्थायी और अस्थायी सहयुक्तता देने पर मुहर लगाई गई। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर व लखनऊ के महाविद्यालय शामिल रहे। मान्यता मिलने वाले कोर्सों में बीए, बीएससी बीकॉम व बीएलएड जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं।

कार्यपरिषद में मानवशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रो. यूपी सिंह की जांच रिपोर्ट एवं भूगोल विभाग की संविदा शिक्षक के त्यागपत्र तथा अवकाश सूची स्वीकृत करने जैसे विषयों पर भी निर्णय लिए गए।

NBT PAGE 5

प्रोटोकॉल छोड़ गोल्फ कार्ट से गवर्नर ने देखा LU

एलयू के मुख्य द्वार, कर्मचारी आवास गोमती और सरयू अपार्टमेंट का किया लोकार्पण

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

राज्यपाल व LU कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की।

एलयू में मंगलवार को नजारा कुछ अलग ही था। दरअसल गवर्नर/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल मुख्य द्वार(विवेकानंद द्वार), कर्मचारी आवास गोमती व सरयू अपार्टमेंट के लोकार्पण के लिए पहुंची थीं। लोकार्पण के बाद कुलाधिपति प्रोटोकॉल छोड़कर गोल्फ कार्ट पर बैठ गईं। उन्होंने एपी सेन हॉल तक गोल्फ कार्ट से ही जाने और कैंपस के भ्रमण की बात कही। कुलाधिपति गोल्फ कार्ट में आगे बैठीं। वीसी प्रो.आलोक कुमार राय पीछे बैठे हुए थे। इसके बाद वीसी ने कुलाधिपति को कैंपस के कुछ हिस्से का भ्रमण कराया। नवनिर्मित पार्किंग, गौरव स्थल, प्रेरणा स्थल दिखाया। कुलाधिपति ने इस दौरान विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की।

प्रवेश द्वार LU का चेहरा

एपी सेन हॉल में कुलाधिपति ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया। उन्होंने प्रवेश द्वार को विश्वविद्यालय के चेहरे की संज्ञा देते हुए, कहा कि प्रवेश द्वार अच्छा होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि एलयू की सुगंध बाहर फैल रही है। इसमें अध्यापक और स्टूडेंट्स की भूमिका काफी अहम है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों और अधीनस्थों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। कुलाधिपति ने कहा कि सभी स्टूडेंट्स को अच्छी पढ़ाई करके सेवा भाव के साथ समाज में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु निरंतर कार्य जरूरी है। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री की सक्रियता का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन मे हमेशा सक्रिय रहना चाहिए।

3855 स्टूडेंट्स को स्मार्ट फोन दिए

इस अवसर पर कुलाधिपति ने डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत पांच स्टूडेंट्स को प्रतीकात्मक स्मार्टफोन दिए। कुल 3855 स्टूडेंट्स को स्मार्ट फोन दिए गए। इस अवसर पर एलयू वीसी प्रो. आलोक राय ने कहा कि विश्वविद्यालय स्टूडेंट्स की छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखता। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रति कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी,प्रो.दुर्गेश श्रीवास्तव,परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी समेत काफी संख्या में शिक्षक, अधिकारी, स्टूडेंट्स मौजूद थे।

8 नियुक्तियों को मंजूरी

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू कार्य परिषद बैठक में कई विभागों में शिक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। वहीं 25 कॉलेजों को अलग-अलग कोर्स शुरू करने की संस्तुति दी गई। बैठक में वित्त समिति, शिक्षकों की नियुक्ति, कॉलेजों की संबद्धता और शिक्षकों के खिलाफ जांच रिपोर्ट पेश की गई। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि 23 कॉलेजों को अलग-अलग कोर्स शुरू करने की मान्यता दी गई है। दो कॉलेजों को कोर्स की अस्थायी मान्यता दी गई है। फार्मेसी संस्थान में संविदा पर 3 सहायक आचार्य नियुक्त किए गए। फरेंसिक साइंस में संविदा पर दो सहायक आचार्यों की नियुक्ति हुई। प्राणी विज्ञान विभाग में तीन नियमित सहायक आचार्य के चयन मंजूर हुए।

ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन इसी माह सेः एलयू में ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई को मंजूरी मिल चुकी है। बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम का संचालन ऑनलाइन होगा। प्रवेश प्रक्रिया इसी माह से शुरू करने की तैयारी है। सत्र 2024-25 से विवि में बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम की पढ़ाई ऑनलाइन भी कराएगा। इस संबंध में एलयू की वेबसाइट पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। फीस को लेकर भी निर्णय हो गया है।

LU में प्रोग्रामिंग सीखेंगे स्टूडेंट, वर्किंग प्रफेशनल

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

एलयू में सांख्यिकी विभाग के स्टूडेंट्स को स्टैटिस्टिकल एनालिसिस सिस्टम (एसएएस) प्रोग्रामिंग सिखाई जाएगी। ऑनलाइन मोड पर होने वाले इस कोर्स को स्टूडेंट्स के साथ-साथ वर्किंग प्रफेशनल्स भी कर सकते हैं।

कोर्स की आयोजन सचिव डॉ. शांभवी मिश्रा ने बताया कि 15 मार्च तक इस कोर्स के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। यूजी-पीजी के स्टूडेंट्स और रिसर्च स्कॉलर के साथ-साथ वर्किंग प्रफेशनल्स भी यह कोर्स कर सकते हैं। यह ऑनलाइन कोर्स 16 मार्च से 4 मई तक चलेगा। ऑप्टम कंपनी के लीड डाटा साइंटिस्ट अनंत प्रकाश अवस्थी और नैवितास लाइफ साइंसेज के सीनियर एसएएस प्रोग्रामर धनंजय श्रीवास्तव प्रोग्रामिंग सिखाएंगे। एसएएस प्रोग्रामिंग का इस्तेमाल लगभग हर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियों में किया जा रहा है। इससे एडवांस एनालिटिक्स, डाटा मैनेजमेंट और बिजनेस इंटेलिजेंस का काम आसानी से किया जा सकता है। कोर्स के संचालन के लिए समिति बना दी गई है। इसके समन्वयक विभागाध्यक्ष प्रो. मसूद एम. सिद्दीकी और आयोजन सचिव डॉ. शांभवी मिश्रा, सलाहकार प्रो. राजीव पांडेय, प्रो. शशि भूषण, डॉ. रोहिनी यादव, डॉ. मुकेश, डॉ. आकाश अस्थाना, डॉ. अशोक और डॉ. अनुपमा सिंह हैं।

NBT Lens समझिए खबरों के अंदर की बात

सॉफ्टवेयर था महंगा, तो लग गया समय

इंडस्ट्री स्टैटिस्टिकल एनालिसिस सिस्टम (एसएएस) प्रोग्रामिंग की काफी मांग है। लिहाजा एलयू ने इस कोर्स को इंडस्ट्री की मांग के अनुसार ही तैयार किया है। पर, एसएएस सॉफ्टवेयर की कीमत 15 से 20 लाख रुपये है। इस कारण विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में इसे पढ़ाने में थोड़ी दिक्कत आती है। एलयू को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। पर, एलयू ने इसका रास्ता निकाला। एसएएस फॉर एकेडमिक्स पर रजिस्ट्रेशन किया। जिसके जरिए एक्सेस प्राप्त हुआ है। अब एलयू के लिए एसएएस पढ़ाना आसान हो जाएगा।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू की सुगंध बाहर फैल रही: राज्यपाल

लोकार्पण

एलयू में राज्यपाल ने मंगलवार को परिसर का भ्रमण किया।

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के नवनिर्मित मुख्य द्वार विवेकानंद और कर्मचारी आवास गोमती व सरयू अपार्टमेंट का कुलाधिपति व राज्यपाल ने लोकार्पण किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गोल्फ कार्ट से परिसर के कुछ हिस्से का भ्रमण किया। कुलपति ने उन्हें नवनिर्मित पार्किंग, गौरव स्थल, प्रेरणा स्थल व कई अन्य स्थानों को दिखाया।

एपी सेन हॉल में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने छात्रों को संबोधित किया। प्रवेश द्वार को विश्वविद्यालय के चेहरे की संज्ञा देते हुए कहा कि प्रवेश द्वार अच्छा होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि एलयू की सुगंध बाहर फैल रही है। इसमें अध्यापक और छात्रों की भूमिका अहम है। कुलाधिपति ने डिजी शक्ति योजना के तहत पांच छात्रों को प्रतीकात्मक स्मार्टफोन दिए। इसके बाद कुल 3855 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन दिए गए। इस मौके पर कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों की छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखता है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

बीएससी बॉटनी के प्रैक्टिकल 15 से

लखनऊ। एलयू में बीएससी वनस्पति विज्ञान के प्रैक्टिकल की तारीख घोषित कर दी गई है। विद्यार्थी वेबसाइट या विभाग के नोटिस पर प्रैक्टिकल की तिथि देख सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीएससी बॉटनी में सम सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 15 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। बीएससी बॉटनी में दूसरे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 15, 16 और 18 अप्रैल को होंगे। बीएससी बॉटनी चतुर्थ सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 19, 20 और 22 अप्रैल को होंगे।

ईसी में 25 कॉलेजों की मान्यता को मंजूरी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद बैठक में कई विभागों में शिक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। 25 कॉलेजों को मान्यता पर संस्तुति दी गई। इसी तरह वित्त समिति के मिनट्स को पारित किया गया।

एलयू में कार्य परिषद की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें वित्त समिति, शिक्षकों की नियुक्ति, कॉलेजों की संबद्धता और शिक्षकों के विरुद्ध जांच की रिपोर्ट पेश की गई। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि 23 कॉलेजों को स्थायी और दो को अस्थायी मान्यता दी गई।

नया कोर्स: छात्र एसएएस प्रोग्रामिंग करना सीखेंगे

■ यह कोर्स छात्र, रिसर्च स्कॉलर, कामकाजी के लिए
■ 15 मार्च तक पंजीकरण करा सकते हैं कोर्स में

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सांख्यिकी विभाग के छात्रों को इंडस्ट्री की मांग के अनुसार तैयार करने की योजना है। छात्रों को स्टैटिस्टिकल एनालिसिस सिस्टम (एसएएस) प्रोग्रामिंग सिखाई जाएगी। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है।

एलयू के सांख्यिकी विभाग की ओर से एसएएस प्रोग्रामिंग कोर्स शुरू हो रहा है। पंजीकरण जारी है। आयोजन सचिव डॉ. शांभवी मिश्रा ने बताया कि आज के दौर में एसएएस प्रोग्रामिंग का इस्तेमाल लगभग हर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियों में किया जा रहा है। इससे एडवांस एनालिटिक्स, डाटा मैनेजमेंट आसानी से कर सकते हैं। डॉ. शांभवी के अनुसार हेल्थकेयर, फार्मास्यूटिकल, एनजीओ में सबसे अधिक मांग है। मेडिकल रिसर्च में भी इस्तेमाल होता है। कोर्स में कोई भी पंजीकरण करा सकता है। एसएएस सॉफ्टवेयर की कीमत 15 से 20 लाख है। शिक्षण संस्थानों में इसे पढ़ाया नहीं जा सकता। डॉ. शांभवी का कहना है एसएएस फॉर एकेडमिक्स के जरिए एक्सेस प्राप्त हुआ है।

i-NEXT PAGE 5

अब एलयू की नयी पहचान बनेगा विवेकानंद प्रवेश द्वार

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया लोकार्पण.

विवेकानंद प्रवेश द्वार और कर्मचारी आवास गोमती व सरयू अपार्टमेंट का लोकार्पण

LUCKNOW (12 March): 104 वर्ष के गौरवशाली इतिहास को समेटे लखनऊ विश्वविद्यालय का अब 'नया चेहरा' विवेकानंद द्वार होगा. मंगलवार से यह प्रवेश द्वार विद्यार्थियों और आम लोगों के लिए खुल गया है. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्य प्रवेश द्वार के साथ कर्मचारियों के लिए बने आवास गोमती और सरयू अपार्टमेंट का लोकार्पण किया.

स्टूडेंट्स को किया प्रेरित

राज्यपाल ने इस प्रवेश द्वार को विश्वविद्यालय के चेहरे की संज्ञा देते हुए कहा कि प्रवेश द्वार अच्छा होना ही चाहिए. उन्होंने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए आवास बनाए जाने की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता और मार्गदर्शक बने. राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की सक्रियता की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित भी किया. साथ ही रामायण का उल्लेख करते हुए अपनी मां पर भरोसा रखने का संदेश दिया. राज्यपाल ने डिजीशक्ति योजना के तहत पांच छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिए. इस योजना के तहत तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिए जाएंगे. कुलपति प्रो. आलोक राय ने राज्यपाल का आभार जताया. रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने धन्यवाद दिया. प्रति कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

JAGRAN CITY PAGE III

23 कालेजों में कई कोर्सों को मिली स्थायी मान्यता

● लवि कार्य परिषद की बैठक में नए शिक्षकों की नियुक्ति को मिला अनुमोदन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक हुई। इसमें 23 महाविद्यालयों में पहले से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों को स्थायी मान्यता दी गई। वहीं, दो महाविद्यालयों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में अस्थाई मान्यता के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई। इसके अलावा नए शिक्षकों की नियुक्ति और वित्त समिति में पास हुए प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी गई।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्य परिषद की बैठक में कालेजों में स्थायी और अस्थाई कोर्सों को मान्यता दी गई है। साथ ही संविदा के पांच और तीन नियमित शिक्षकों की नियुक्ति को भी अनुमोदन मिल गया है। इनमें फार्मेसी में संविदा पर तीन सहायक आचार्य, फारेंसिक साइंस एंथ्रोपोलाजी में संविदा पर दो सहायक आचार्य और प्राणि विज्ञान में नियमित पद पर तीन सहायक आचार्य की नियुक्ति शामिल है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार बैठक में आनलाइन माध्यम से शुरू होने वाले बी.काम और एम.काम कोर्स की फीस के साथ वित्त समिति में मंजूर किए प्रस्ताव भी पास हो गए हैं। हालांकि कोर्स का फीस स्ट्रक्चर जारी नहीं किया गया है।

सिखाई जाएगी प्रोग्रामिंग : लवि के सांख्यिकी विभाग के विद्यार्थियों को अब स्टैटिस्टिकल एनालिसिस सिस्टम (एसएएस) प्रोग्रामिंग भी सीखने का मौका मिलेगा। इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। एसएएस प्रोग्रामिंग कोर्स की अवधि 16 मार्च से चार मई तक होगी। कोर्स के सफल संचालन को लेकर समिति का गठन भी कर दिया गया है।

लवि का 'नया चेहरा' है विवेकानंद प्रवेश द्वार

लवि में विवेकानंद द्वार का लोकार्पण करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व अन्य ● जागरण

राज्यपाल ने लवि के विवेकानंद प्रवेश द्वार और कर्मचारी आवास गोमती व सरयू अपार्टमेंट का किया लोकार्पण

जागरण संवाददाता, लखनऊः 104 वर्ष के गौरवशाली इतिहास को समेटे लखनऊ विश्वविद्यालय का अब 'नया चेहरा' विवेकानंद द्वार होगा। मंगलवार से यह प्रवेश द्वार विद्यार्थियों और आम लोगों के लिए खुल गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्य प्रवेश द्वार के साथ कर्मचारियों के लिए बने आवास गोमती और सरयू अपार्टमेंट का लोकार्पण किया।

राज्यपाल ने इस प्रवेश द्वार को विश्वविद्यालय के चेहरे की संज्ञा देते हुए कहा कि प्रवेश द्वार अच्छा होना ही चाहिए।

उन्होंने तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए आवास बनाए जाने की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता और मार्गदर्शक बने। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की सक्रियता की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित भी किया। साथ ही रामायण का उल्लेख करते हुए अपनी मां पर भरोसा रखने का संदेश दिया। राज्यपाल ने डिजीशक्ति योजना के तहत पांच छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिए। इस योजना के तहत तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिए जाएंगे। कुलपति प्रो. आलोक राय ने राज्यपाल का आभार जताया। रजिस्ट्रार डा. विनोद कुमार सिंह ने धन्यवाद दिया। प्रति कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अवस्थी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

लवि : 10 कोर्सों के परीक्षा परिणाम जारी

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लवि ने मंगलवार शाम को 10 कोर्सों में विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए। इसमें बी.एड, एम.ए फिलासफी, बी.फार्मा, एम.एच.ए, एम.ए. अरब कल्चर, एम.ए. वेस्टर्न हिस्ट्री, एम.टी.टी.एम. तीसरे, एम.एससी. बायोकेमिस्ट्री (ओल्ड), एम.एससी बायोकेमिस्ट्री, एम.टी.टी.एम. पहले सेमेस्टर के परिणाम जारी किए गए हैं।

प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग तथा आदि दृश्य विभाग इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में ग्लोरियस भीम बेटका : पद्मश्री यशोधर मठपाल संग्रह विषयक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विभागीय संग्रहालय में इसका औपचारिक उद्घाटन बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। यह प्रदर्शन 31 मार्च तक लगी रहेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता बीएचयू की पूर्व हेड प्रो. विभा त्रिपाठी ने अपने विचार रखे।

मिले स्मार्ट फोन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने कला संकाय चतुर्भुज में डिजिशक्ति योजना के तहत स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। इसमें बी.बी.ए, बी.एफ.ए, बी.वी.ए, बी.पी.एड व शास्त्री पाठ्यक्रम के करीब 1722 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितिरत किया गया। डिजीशक्ति योजना लखनऊ के नोडल समन्वयक डा. आरबी सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे से बी.एससी (एनईपी), बी.काम एनईपी तथा बी.काम आनर्स और बी.ए एनईपी छटे सेमेस्टर के करीब 2100 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरण किया जाएगा। (जासं)

HT PAGE 3

GUV INAUGURATES LU'S VIVEKANANDA GATE, RESIDENCES FOR EMPLOYEES

Governor Anandiben Patel at LU on Tuesday. HT

LUCKNOW: Governor Anandiben Patel on Monday exhorted students of the Lucknow University (LU) to draw inspiration from President Droupadi Murmu and Prime Minister Narendra Modi.

The governor inaugurated the university's Vivekananda Gate, which will now serve as the primary entrance for students, and two residential complexes for class 3 and 4 employees of the varsity. She called the gate, opposite Colvin Taluqdars' College, the face of the university, and noted that the university's popularity was only rising. About the residential complexes of the LU, the governor said every institution must take care of the basic facilities for its employees. Giving examples of President Droupadi Murmu and PM Narendra Modi, she said one should always be active in life. HTC

THE PIONEER PAGE 3

Guv inaugurates LU's main entrance gate

Lucknow (PNS): Governor Anandiben Patel inaugurated Vivekananda Gate, the main entrance of Lucknow University, Gomti and Apartment and Saryu Apartment for the university employees.

Expressing happiness over the inauguration of accommodation for Class III & IV employees in the university premises, the governor said any institution should take care of the basic facilities of its employees and staff.

She said all the students should study well and work in society with a spirit of service and bring glory to the university. Patel said Lucknow University should become a leader and guide in the field of education and bring fame not only in the state but also at the national and international level.

She said continuous work is necessary for the development of leadership abilities. Citing examples of the president and prime minister, she said one should always be active in life.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

जीवन में हमेशा सक्रिय रहना चाहिए : राज्यपाल

लविवि की सुगंध फैलाने में अध्यापक व विद्यार्थियों की भूमिका अहम

■ हर विद्यार्थी को उनके कौशल और कला के सापेक्ष कार्य मिलना चाहिए : आनंदीबेन पटेल
■ लविवि में विवेकानंद द्वार, कर्मचारी आवास गोमती व सरयू अपार्टमेंट का लोकार्पण

लखनऊ (एसएनबी)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अच्छी पढ़ाई कर सेवा भाव के साथ समाज में कार्य करें व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए निरंतर कार्य जरूरी है। हर विद्यार्थी को उनके कौशल और कला के सापेक्ष कार्य मिलना चाहिए, लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता एवं मार्गदर्शक बने तथा सिर्फ प्रदेश में ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन करें।

राजपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को लविवि मुख्य प्रवेश द्वार (गेट नंबर 3) विवेकानंद द्वार तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए आवास गोमती अपार्टमेंट व सरयू अपार्टमेंट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने प्रवेश द्वार को विश्वविद्यालय के चेहरे की संज्ञा देते हुए कहा कि प्रवेश द्वार अच्छा होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय की सुगंध बाहर फैल रही है और इसमें अध्यापक

और विद्यार्थियों की भूमिका काफी अहम है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए आवास के लोकार्पण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी संस्था द्वारा अपने कर्मचारियों एवं अधीनस्थों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के विकास कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि इसका सर्वाधिक फायदा छात्र-छात्राओं एवं देश को होगा। उन्होंने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री की सक्रियता का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन में हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि हर विद्यार्थी को उनके कौशल और कला के सापेक्ष कार्य मिलना चाहिए। इस अवसर पर स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के द्वितीय फेज का शुभारंभ राज्यपाल ने किया, जिसके तहत 3,855 बच्चों को स्मार्ट फोन वितरित किया जाना है, इसमें पांच बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से राज्यपाल ने स्मार्ट फोन वितरित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोल आलोक राय ने राज्यपाल का आभार व्यक्त किया तथा शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ जाइए के विश्वविद्यालय के उद्देश्य के बारे में बात की। 26 मिनट तक धन्यवाद ज्ञापित करते रहे डीके सिंह की लोगों ने चुटकी भी ली। इस अवसर पर लविवि के प्रति कुलपति प्रोफेसर अरविंद कुमार अवस्थी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

विकसित भारत का निर्माण करेंगे युवा

2047 में देश को विकसित राष्ट्र बनाना प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है, इसे युवा वर्ग मिलकर पूरा करेगा : राज्यपाल

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय में गेट और इमारतों का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि के एपीसेन हाल में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल द्वारा स्मार्ट फोन प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं।

अमृत विचार : राज्यपाल ने कहा कि आज का युवा वर्ग विकसित भारत का निर्माण करने में सक्षम है। प्रधानमंत्री के इस लक्ष्य को तय करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हमें विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में प्रथम स्थान पाना है। यह बात मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कही।

छात्रों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 2047 में विकसित राष्ट्र का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है, इसे युवा वर्ग मिलकर पूरा करेगा। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य के कार्यों से भारत के हर क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। राज्यपाल ने बटन दबाकर विवि के गेट, गोमती एवं सरयू अपार्टमेण्ट का लोकार्पण किया गया। उन्होंने शिक्षकों को भी अधिक से अधिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, रजिस्ट्रार वीके सिंह, प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

छात्रों को किया प्रोत्साहित

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बताया कि एक बार मध्य प्रदेश के एक जनपद में गईं। वहां पुलिस लाइन के कर्मचारियों की समस्याओं (शिक्षा आदि) को देखकर स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिये। कुछ ऐसा ही एक बार उन्होंने राजभवन से जुड़े महाविद्यालय की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए किया। बताया कि काशी और अहमदाबाद में जाकर प्राइमरी और आंगनबाड़ियों में गैस कनेक्शन कराने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से जब मेरी पुत्री ने सवाल किये तो उस व्यवस्था ने आधे, अधूरे और अपुष्ट जवाब दिये।

अपनी बिजली से रोशन होंगी कक्षाएं

रोजाना की ट्रिपिंग और बिजली के बड़े बिल से विवि को राहत मिलने जा रही है। कुलपति का कहना है कि पांच-पांच सौ केवी की क्षमता वाले सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। इसके सहारे कक्षाओं और हॉस्टल सहित अन्य स्थानों पर बिजली पहुंचाई जाएगी। हर माह के बिजली के बड़े बिल से निजात मिल सकेगी। छात्रों की सहूलियत के लिए जनरेटर आदि की व्यवस्था है।

छात्रों को मिली स्मार्टफोन की सौगात

शासन की योजना के तहत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ने कृतिका सिंह, प्रतिभा खत्री, सुमित सिंह, ध्रुव शुक्ला आदि के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

लविवि ने कर्मचारियों के हितों का रखा ध्यान

राज्यपाल ने कहा कि कई विवि में उन्होंने देखा कि कर्मचारियों की सुख-सुविधाओं का खास ध्यान नहीं दिया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय ने कर्मचारियों के लिए मकान बनाकर अन्य विवि को प्रेरित करने का कार्य किया है।

अच्छा गेट करेगा छात्रों व आमजन को आकर्षित

कुलाधिपति कहती हैं कि अच्छा गेट छात्र ही नहीं आमजन को भी आकर्षित करने वाला है। बाहें फैलाएं गेट की प्रकृति छात्रों के बीच सुगंध बिखेरने का कार्य करेगी।

बनेगा गेस्ट हाउस और वर्किंग वीमेन हॉस्टल

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अप्रैल माह में विवि परिसर के भीतर गेस्ट हाउस और वर्किंग वीमेन हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही छह अलग-अलग स्थानों के बजाए एक स्थान पर ही परीक्षा कराई जाएगी।

TOI PAGE 3

Guv opens LU's Vivekananda Dwar, 2 staff residential bldgs

TIMES NEWS NETWORK

Governor Anandiben Patel inaugurating the gateway on Tuesday

Lucknow: Governor and Lucknow University (LU) chancellor Anandiben Patel inaugurated a gateway named after Swami Vivekananda and two apartments for non-teaching employees at the campus on Tuesday. This is gate number three at the campus which is 50 ft high and 60 ft wide.

Vivekananda Dwar is the second grand gate on the campus which is named after a personality. LU's gate number 1 is named after right-wing thinker Bhaurao Devras. Meanwhile, the newly inaugurated flats for non-teaching employees have been named Gomti and Saryu.

The nine-storey Gomti apartment accommodates around 36 families, while the five-storey Saryu apartment offers around 16 flats. On the occasion, the governor said, "The entrance gate of universities should be good. The new entrance gate of the university is the face of the university". Expressing happiness over the inauguration of accommodation for Class III and IV employees, she said the institution should take care of the basic facilities of its employees and subordinates. She said LU should become a leader and guide in the field of education and bring fame not only in the state but also at the national and international level. Continuous efforts are necessary for the development of leadership abilities.

On this occasion, the second phase of smartphone distribution programme under Digi Shakti Yojana was inaugurated, under which smartphones were to be distributed to 3,855 students

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि की ख्याति फैलाने में अध्यापक और छात्रों की भूमिका अहम

राज्यपाल ने लविवि में विवेकानंद द्वार तथा कर्मचारी आवास गोमती अपार्टमेंट व सरयू अपार्टमेंट का किया लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● राज्यपाल ने पांच छात्रों को प्रतीकात्मक रूप से वितरित किया स्मार्ट फोन

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में मुख्य प्रवेश द्वार विवेकानंद द्वार तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए आवास गोमती अपार्टमेंट व सरयू अपार्टमेंट का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार को विश्वविद्यालय के चेहरे की संज्ञा देते हुए कहा कि प्रवेश द्वार अच्छा होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय की सुगंध बाहर फैल रही है और इसमें अध्यापक और विद्यार्थीगण की भूमिका काफी अहम है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए आवास के लोकार्पण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी संस्था द्वारा अपने कर्मचारियों एवं अधीनस्थों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए।

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के विकास कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि इसका सर्वाधिक फायदा छात्र-छात्राओं एवं देश को होगा। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अच्छी पढ़ाई कर सेवा भाव के साथ समाज में कार्य करें व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्वकर्ता एवं मार्गदर्शक बने तथा सिर्फ प्रदेश में ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन करें। नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए निरंतर कार्य जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री की सक्रियता का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन मे हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि हर विद्यार्थी को उनके कौशल और कला के सापेक्ष कार्य मिलना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को निरंतर कार्य करने को प्रेरित किया तथा कहा कि समय का सदुपयोग करें। उन्होंने रामायण से माता कैकेयी और राम तथा भरत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि मां पर भरोसा रखें। इस अवसर पर डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के तहत द्वितीय फेज का शुभारंभ राज्यपाल ने किया, जिसके तहत 3,855 बच्चों को स्मार्ट फोन वितरित किया जाना है, इसमें पांच छात्रों को प्रतीकात्मक रूप से राज्यपाल ने स्मार्ट फोन वितरित किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक राय ने राज्यपाल का आभार व्यक्त किया तथा विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षार्थ आइये और सेवार्थ जाइये बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं की छोटी-छोटी चीजों को भी संज्ञान में लिया जाना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय में हो रहे विकास कार्यों तथा सार्थक बदलाव के लिए राज्यपाल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो अरविंद कुमार अवस्थी, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

LOKSATYA PAGE 3

एलयू समाजशास्त्र विभाग में हुई राष्ट्रीय कार्यशाला

चर्चा

● डॉ. प्रतिभा राज ने अपने प्रोजेक्ट कार्य किए साझा

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में आईसीएसएसआर नई दिल्ली से प्रायोजित राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय की सह-आचार्य डॉ प्रतिभा राज के किये गये प्रोजेक्ट कार्य के परिणामों को साझा करने के लिए हुई।

प्रो रिपु सूदन ने बताया कि योजनाओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन व अकादमी क्षेत्र का योगदान क्या है। योजनाओं का अध्ययन क्यों जरूरी है। प्रो उदय भान सिंह ने बताया कि आम आदमी के क्रय शक्ति अथवा क्षमता को ही अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कहा। उद्योग से संबंधित कौशल को आम आदमी से जोड़ने के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को स्किल देने से रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होते हैं। इसके साथ ही साथ हमें योजनाओं का इंपैक्ट तथा एसेसमेंट कितना भी खराब क्यों ना हो हमें इंपैक्ट और असेसमेंट का मूल्यांकन अवश्य करना होगा। इन दोनों के बीच सह संबंध बनाने से लाभ प्राप्त होगा। प्रो जयशंकर पांडे ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय शिक्षा पद्धति में संवाद की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है।

प्रोडायरेक्टर डॉ प्रतिभा राज ने अपने प्रोजेक्ट कार्य के परिणामों को निम्न बिंदुओं के माध्यम से बताया है - रोजगार और युवाओं के मध्य संबंध तथा इस योजना का युवाओं पर क्या प्रभाव और इस योजना को पूरा करने के बाद रोजगार के क्या अवसर उपलब्ध होंगे जैसे बिंदुओं पर अपना विचार रखा।

LU exhibition sheds light on Indian rock-cut architecture

TIMES NEWS NETWORK

The exhibition will remain open till Saturday

Lucknow: Early medieval sculptures, punch-marked coins of 7th century BC to miniature replicas of centuries-old Rajarani Temple in Odisha, Dharmaraja Ratha in Tamil Nadu, manuscripts and other Indian rock-cut architecture amazed Lucknow University and college students during a rock art exhibition held on the campus on Tuesday.

The exhibition was organised by LU's Ancient Indian History and Archaeology department and the Indira Gandhi National Centre for the Arts at the department's museum. It will remain open for students from 10am to 5pm till Saturday.

"A visit to the museum will help students develop an understanding of archaeology, coin collection, about ASI-protected monuments and early medieval sculptures. They can also learn about preservation of old and historical documents or objects," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

"I am an MSc student with a keen interest in archaeology. It was a learning experience as now I know that a punch-marked coin is an early Indian coinage," said MSc student Pratha Agnihotri.

"Reading about and having a look at the replicas of Dharamraja Ratha, the monument in the Pancha Rathas complex at Mahabalipuram in Kancheepuram district of Tamil Nadu, which is an example of monolith Indian rock-cut architecture and the replica of the Rajarani temple, Odisha which is built on a three-molded platform was very informative," said BTech student Aradhya Solank.